# विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वन महोत्सव का भव्य शुभारम्भ

दिनांक 01 जुलाई 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर निर्माण के उद्देश्य से वन प्रभाग, गोरखपुर, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत 'वन महोत्सव' कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री महेन्द्र पाल सिंह जी, विधायक, पिपराइच विधानसभा क्षेत्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री शुभम सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी, गोरखपुर, श्री विनीत कुमार सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी, गोरखपुर तथा श्री दिनेश कुमार चौरसिया, क्षेत्रीय वनाधिकारी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

